**स्वामी विवेकानंद ने सहिष्णुता, भाईचारा स्थापित करने का कार्य किया : प्रो. सिंह**

वर्धा, 12 सितंबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में स्वामी विकेकानंद के शिकागो भाषण स्मृति दिवस के अवसर पर 11 सितंबर को महादेवी वर्मा सभागार में 'वर्तमान परिदृश्य और स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि विवेकानंद ने पश्चिम और पूर्व को जोड़ने में सेतु का काम किया। 30 वर्षीय युवा सन्यासी ने पश्चिम और पूर्व को सांस्कृतिक रूप से एक धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया और हिन्दू धर्म को पूरी दुनिया में स्वीकृति दिलाने का महान कार्य अपने






शिकागो भाषण के माध्यम से किया। एक दूसरे के प्रति सहिष्णुता और भाईचारा का भाव स्थापित करने का महनीय कार्य विवेकानंद के द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि विवेकानंद ज्ञान के प्रकाश स्तम्भ थे। उनमें भारतीयता का तेज प्रकट होता है। भारत में ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान विवेकानंद के चिंतन में न हो।

विशिष्ट वक्ता एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार राय ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, संतो, महात्माओं की भूमि है। विवेकानंद ने भारत की दार्शनिक गरिमा की रक्षा की और भाईचारा व सार्वजनिक स्वीकृति पर बल दिया। उनके गुणों को अपना जाये तो दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है। विवेकानंद ने भारतीय जनमानस में अपनी सांस्कृति के प्रति आत्म गौरव को संवर्द्धित करने का महान कार्य किया। बीज वक्तव्य में एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को जानना भारत के सत्व को जानना है। विवेकानंद के धर्म संसद में व्याख्यान के प्रारंभ के शब्दों पर ही तालियां की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा, जिसमें भारतीयता का सम्मान था। उन्होंने अंधविश्वास के विरुद्ध बिगुल बजाया और महिला उत्थान में महनीय योगदान दिया।

सहायक प्रोफेसर डॉ. रणंजय कुमार ने कहा कि विवेकानंद ने धर्म संसद में यह प्रतिस्थपित किया कि भारतीय संस्कृति विश्वबंधुत्व, सहिष्णुता, आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत है। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने उपनिषदीय सूत्र वाक्य–उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति हेतु तत्पर हो जाओ का संदर्भ दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप-प्रज्ज्वलन तथा विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। डॉ. जगदीश नारायण तिवारी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। दर्शन एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार पाण्डेय ने स्वागत वक्तव्य दिया।

संगोष्ठी का संचालन डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्ड्रेय ने किया तथा डॉ. दिग्विजय मिश्र ने आभार माना। इस अवसर पर डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ.उमेश कुमार सिंह, डॉ.एच. ए. हुनगुन्द, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. संदीप सपकाळे, डॉ. वरुण उपाध्याय, डॉ. वागीश राज शुक्ल, डॉ. जितेन्द्र सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**स्वामी विवेकानंदांनी सहिष्णुता, बंधुता प्रस्थापित करण्याचे काम केले : प्रो. सिंह**

वर्धा, 12 सप्टेंबर : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात स्वामी विकेकानंद यांच्या शिकागो भाषणाच्या स्मृतिदिनानिमित्त ११ सप्टेंबर रोजी महादेवी वर्मा सभागृहात 'वतर्मान परिस्थिती व स्वामी विवेकानंदांचे शिकागो भाषण' या विषयावरील परिसंवादाचे अध्यक्ष म्हणून बोलतांना कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह म्हणाले की,विवेकानंदांनी पश्चिम आणि पूर्वेला जोडण्यासाठी सेतूचे काम केले. ३० वर्षीय या तरुण भिक्षूने पश्चिम आणि पूर्वेला सांस्कृतिकदृष्ट्या एका व्यासपीठावर आणले आणि आपल्या शिकागो भाषणातून संपूर्ण जगात हिंदू धर्माला स्वीकृती देण्याचे महान कार्य केले. परस्परांप्रती सहिष्णुता आणि बंधुत्वाची भावना प्रस्थापित करण्याचे महान कार्य विवेकानंदांनी केले.

प्रमुख वक्ते म्हणून जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे म्हणाले की, विवेकानंद हे ज्ञानाचे दीपस्तंभ होते. भारतीयत्वाचे तेज त्यांच्यात प्रकट होते. विवेकानंदांच्या विचारसरणीत सोडवता येणार नाही अशी कोणतीही समस्या भारतात नाही.

असोशिएट प्राध्यापक डॉ. मनोजकुमार राय म्हणाले की, भारत ही ऋषीमुनी, संत आणि महात्म्यांची भूमी आहे. विवेकानंदांनी भारताच्या तत्त्वज्ञानात्मक प्रतिष्ठेचे रक्षण केले आणि बंधुता आणि लोकमान्यतेवर भर दिला. त्यांचे गुण आत्मसात केल्यास जगात शांतता प्रस्थापित होऊ शकते. लोकांमध्ये स्वाभिमान वाढविण्याचे मोठे काम त्यांनी केले. बीज भाषणात् असोशिएट प्राध्यापक डॉ. जयंत उपाध्याय म्हणाले की, स्वामी विवेकानंदांना ओळखणे म्हणजे भारतातील सत्व जाणून घेणे होय. अंधश्रद्धेच्या विरोधात त्यांनी बिगुल वाजवले आणि महिलांच्या उत्थानासाठी मोठे योगदान दिले.

सहायक प्राध्यापक डॉ. रणंजय कुमार म्हणाले की, विवेकानंदांनी धर्मसंसदेत भारतीय संस्कृती ही विश्वबंधुता, सहिष्णुता आणि अध्यात्माने ओतप्रोत भरलेली आहे, याची स्थापना केली. तरुणांना प्रोत्साहन देताना त्यांनी उपनिषदाच्या उपनिषदाचा उल्लेख केला - उठा, जागे व्हा आणि ध्येय प्राप्तीसाठी प्रयत्न करा. विवेकानंद यांच्या प्रतिमेस दीपप्रज्वलन व पुष्पहार अर्पण करून कार्यक्रमाची सुरुवात करण्यात आली. डॉ. जगदीश नारायण तिवारी यांनी मंगलाचरण सादर केले. दर्शण व संस्कृती विभागाचे अध्यक्ष डॉ. विपिनकुमार पांडे यांनी स्वागत भाषण केले.

परिसंवादाचे संचालन डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे यांनी केले तर आभार डॉ. दिग्विजय मिश्रा यांनी मानले. या वेळी डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. एच. ए. हुनगुंद, डॉ. राकेश मिश्रा, डॉ. श्रीनिकेत मिश्रा, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. संदीप सपकाळे, डॉ. वरुण उपाध्याय, डॉ. वागीश राज शुक्ला, डॉ. जितेंद्र यांच्यासह मोठ्या संख्येने संशोधक व विद्यार्थी उपस्थित होते.